आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक: 15.04.2019

आरेडिका में भारत रत्न डा0 भीम राव अम्बेडकर जयंती का आयेजन किया गया

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में भारत रत्न डा0 भीम राव अम्बेडकर जी की 128वीं जयंती समारोह तकनीकी प्रशिक्षण केन्द्र के प्रेक्षागृह में दिनांक 15.04.2019 को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ आरेडिका के महाप्रबंधक श्री सुनीत शर्मा के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया।

इस अवसर पर आरेडिका के सभी कर्मचारियों व अधिकारियों ने भारत रत्न डा0 भीम राव अम्बेडकर जी को माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित किया साथ ही आरेडिका के कर्मचारियों के द्वारा बुद्व वंदना भी किया गया ।

इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री शर्मा ने अपने संबोधन में डा0 भीम राव अम्बेडकर के जीवन एवं उनके द्वारा किये गये उल्लेखनीय कार्यो के ऊपर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर का विचार आज भी समाज में प्रसांगिक है और हमें उनके आदर्शो से प्रेरणा लेनी चाहिए।

इसके बाद पीसीपीओ श्री जयदेव कुमार के द्वारा कार्यक्रम को संबोधित किया गया तथा उनके धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

इस अवसर पर आरेडिका के पीसीएमई श्री अनूप कुमार, पीसीएमएम श्री श्रीकांत राय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, पर्यवेक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।